# कार्यालय कलेक्टर एवं अध्यक्ष
## स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल संचालन प्रबंधन समिति
## जिला-कोरबा (छ०ग०)

क्रमांक / अंग्रेजी माध्यम / स्था. / 2024–25 5559 कोरबा, दिनांक : 11/11/2024

### –:: संविदा भर्ती विज्ञापन ::–

छत्तीसगढ़ शासन, स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय महानदी भवन, अटल नगर नवा रायपुर द्वारा स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय योजनांतर्गत जिले में संचालित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों का संचालन हेतु प्रत्येक विद्यालय के लिए पृथक–पृथक गठित समिति को सौपा गया है। इन अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में रिक्त पदों पर संविदा नियुक्ति किया जाना है।

विद्यालयवार रिक्त पदों पर संविदा नियुक्ति हेतु निर्धारित अर्हता (योग्यता) रखने वाले इच्छुक एवं पात्र आवेदकों से दिनांक **12.11.2024** से **26.11.2024** की रात्रि 11:59 बजे तक ऑनलाईन आवेदन जिले के वेबसाईट www.korba.gov.in में दर्शित Google Form के माध्यम से आमंत्रित किये जाते है। निर्धारित तिथि के बाद आवेदन स्वीकार नही किया जावेगा। आवेदन केवल ऑनलाईन स्वीकार किये जायेंगे अन्य किसी भी माध्यम से आवेदन स्वीकार नही किये जायेंगे।

### विद्यालयवार रिक्त पदों का विवरण

| स. क्र. | पदनाम | CAT | पम्पहाउस | हरदीबाजार | पाली | करतला | कटघोरा | पोड़ीउपरोड़ा | कोरबी | पसान | बालको | तिलकेजा | जमनीपाली | गोपालपुर | कुसमुण्डा | बांकीमोंगरा | दीपका | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 |
| 1 | व्याख्याता भौतिक | UR | | | | 1 | | | 1 | 1 | 1 | | | | | 1 | | 5 |
| 2 | व्याख्याता जीवविज्ञान | UR | | | | 1 | | | | 1 | | | | | | | 1 | 3 |
| 3 | व्याख्याता सामाजिक विज्ञान | UR | | | | | | | | 1 | | | | | | | | 1 |
| 4 | व्याख्याता रसायन | UR | | | | | | | 1 | | | | | | | | 1 | 2 |
| 5 | व्याख्याता अंग्रेजी | UR | | | | | 1 | | | 1 | 1 | 1 | | | | | | 4 |
| 6 | व्याख्याता गणित | UR | | | | 1 | | | 1 | 1 | | | | | | | | 3 |
| 7 | व्याख्याता संस्कृत | UR | | | | | | | 1 | 1 | | | | | | | | 2 |
| 8 | व्याख्याता हिन्दी | UR | | | 1 | | | | 1 | 1 | | | | | | | | 3 |
| 9 | शिक्षक अंग्रेजी | UR | | 1 | | 1 | | | 1 | 1 | 1 | | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 10 |
| 10 | शिक्षक अंग्रेजी | ST | | | | | | | | | | | | | | | | 0 |
| 11 | शिक्षक कला | UR | | 1 | | | | | 1 | 1 | 1 | 1 | | 1 | 1 | 1 | 1 | 9 |
| 12 | शिक्षक कला | ST | | | | 1 | 1 | 1 | | | | | | | | | | 3 |
| 13 | शिक्षक गणित | UR | | 1 | 1 | | | 1 | 1 | 1 | 1 | | | | | | | 6 |
| 14 | शिक्षक गणित | ST | | | | 1 | 1 | | | | | | | | | | | 2 |
| 15 | शिक्षक विज्ञान | UR | | | | | | | 1 | 1 | 1 | 1 | | | | | | 3 |
| 16 | कम्प्यूटर शिक्षक | UR | | | | | 1 | | | | | | 1 | | | | | 2 |
| 17 | प्रधानपाठक (मा.शा.) | UR | | | | 1 | | | | | | | | | | | | 1 |
| 18 | प्रधानपाठक (प्रा.शा.) | UR | | 1 | | 1 | | | | | | | | | | | | 2 |
| 19 | व्यायाम शिक्षक | UR | | | | | | | 1 | | | | | | | | | 1 |
| 20 | ग्रंथपाल | UR | | | | | | | 1 | 1 | | | | 1 | 1 | | | 4 |
| 21 | सहायक शिक्षक | UR | 2 | | | 1 | | | 2 | 2 | | 1 | | 1 | | 1 | | 10 |
| | | OBC | | | 1 | | | | | | | | | | 1 | 1 | | 3 |
| | | ST | 1 | | | 1 | 2 | | 2 | 2 | 1 | 2 | 2 | 2 | 1 | 2 | 1 | 19 |
| 22 | सहायक शिक्षक विज्ञान / प्रयोगशाला सहायक | UR | | 2 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | | | | | | | 1 | | 8 |
| | | OBC | | | | 1 | | 1 | 1 | | | | | | | | | 3 |
| | | ST | | | | 1 | | | 1 | | | | | | | | | 2 |
| 23 | सहायक ग्रेड–02 | UR | | 1 | | 1 | 1 | 1 | 1 | | | | | | | | | 5 |
| 24 | सहायक ग्रेड–03 | UR | 1 | | | | 1 | 1 | 1 | | | | | | | | | 4 |
| | कुल :– | | **4** | **7** | **4** | **14** | **9** | **6** | **20** | **16** | **7** | **5** | **4** | **7** | **5** | **8** | **5** | **120** |

## पदवार वेतन एवं शैक्षणिक योग्यता :-

| S.N. | पद का नाम | संविदा मे मानदेय | शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|---|
| 1 | व्याख्याता हिन्दी/संस्कृत/ अंग्रेजी | 38100 | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से संबंधित विषय मे न्यूनतम द्वितीय श्रेणी से स्नातकोत्तर की उपाधि के साथ (बी.एड) उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। विषय के व्याख्याता हेतु स्नातक में हिन्दी/संस्कृत/ अंग्रेजी साहित्य का होना अनिवार्य है।<br>**टीप :– व्याख्याता अंग्रेजी हेतु संपूर्ण अध्ययन अंग्रेजी माध्यम से किया जाना अनिवार्य है।** |
| 2 | व्याख्याता(गणित) (अंग्रेजी माध्यम) | 38100 | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से गणित/एप्लाईड गणित विषय में न्यूनतम द्वितीय श्रेणी अंग्रेजी माध्यम से स्नातकोत्तर की उपाधि के साथ (बी.एड.) उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। |
| 3 | व्याख्याता (सामाजिक विज्ञान) (अंग्रेजी माध्यम) | 38100 | मान्यता प्राप्त विश्व विद्यालय से भूगोल/इतिहास/अर्थशास्त्र/राजनीति/समाजशास्त्र विषय में न्यूनतम द्वितीय श्रेणी अंग्रेजी माध्यम से स्नातकोत्तर की उपाधि के साथ बी.एड. उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। |
| 4 | व्याख्याता(जीवविज्ञान) (अंग्रेजी माध्यम) | 38100 | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से वनस्पतिशास्त्र/प्राणीशास्त्र/लाइफसाइन्स/जैविकी/अनुवांशिकी (जेनेटिक्स)/सूक्ष्मजैविकी (माइक्रोबायोलॉजी)/जैवप्रोद्योगिकी बायोटेक्नॉलाजी)/आणविक जीवविज्ञान(मालिकुलर बायोलॉजी)/पादप कार्यिकी (प्लान्ट फिजियोलॉजी) से किसी एक विषय में न्यूनतम द्वितीय श्रेणी अंग्रेजी माध्यम से स्नातकोत्तर की उपाधि के साथ (बी.एड.) उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। तथा स्नातक स्तर में प्राणीशास्त्र अथवा वनस्पति शास्त्र विषय रहा हो। |
| 5 | व्याख्याता(रसायन) (अंग्रेजी माध्यम) | 38100 | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से रसायन/बायोकेमेस्ट्री से किसी एक विषय में न्यूनतम द्वितीय श्रेणी अंग्रेजी माध्यम से स्नातकोत्तर की उपाधि के साथ (बी.एड.) उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। |
| 6 | व्याख्याता(भौतिकी) (अंग्रेजी माध्यम) | 38100 | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से भौतिकी/इलेक्ट्रॉनिक्स/एप्लाइड भौतिकी/न्यूक्लियर भौतिकी से किसी एक विषय में न्यूनतम द्वितीय श्रेणी अंग्रेजी माध्यम से स्नातकोत्तर की उपाधि के साथ (बी.एड.) उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। |
| 7 | प्रधानपाठक पूर्व मा.शा. (अंग्रेजी माध्यम) | 38100 | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से द्वितीय श्रेणी मे अंग्रेजी माध्यम से स्नातक की उपाधि के साथ (बी.एड.) उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। |
| 8 | शिक्षक(अंग्रेजी) (अंग्रेजी माध्यम) | 35400 | मान्यता प्राप्त विश्व विद्यालय से अंग्रेजी साहित्य विषय के साथ अंग्रेजी माध्यम मे न्यूनतम द्वितीय श्रेणी से स्नातक की उपाधि एवं बी.एड. उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। शिक्षक पात्रता परीक्षा पू0मा0शा0स्तर (टी.ई.टी.) उत्तीर्ण होना आवश्यक है। |
| 9 | शिक्षक(कला) (अंग्रेजी माध्यम) | 35400 | मान्यता प्राप्त विश्व विद्यालय से कला संकाय मे न्यूनतम द्वितीय श्रेणी मे अंग्रेजी माध्यम से स्नातक की उपाधि के साथ (बी.एड.) उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। शिक्षक पात्रता परीक्षा (टी.ई.टी.) उत्तीर्ण होना आवश्यक है। |
| 10 | शिक्षक(गणित) (अंग्रेजी माध्यम) | 35400 | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से गणित के साथ निम्नलिखित मे से कोई 02 विषय– भौतिकी/रसायन/इलेक्ट्रानिक्स/कम्प्यूटर साईस/सांख्यिकीय/सैन्य विज्ञान/भू–गर्भ विज्ञान मे न्यूनतम द्वितीय श्रेणी मे अंग्रेजी माध्यम से स्नातक की उपाधि (संबंधित विषय से बी.ई. उत्तीर्ण अभ्यर्थी भी पात्र होंगे) के साथ (बी.एड.) उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। शिक्षक पात्रता परीक्षा पू0मा0शा0स्तर (टी.ई.टी.) उत्तीर्ण होना आवश्यक है। |
| 11 | शिक्षक(विज्ञान) (अंग्रेजी माध्यम) | 35400 | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से रसायन शास्त्र, वनस्पति विज्ञान, प्राणी विज्ञान एव सैन्य विज्ञान, भू–गर्भ विज्ञान मे से कोई 02 विषय के साथ न्यूनतम द्वितीय श्रेणी मे अंग्रेजी माध्यम से स्नातक की उपाधि के साथ (बी.एड.) उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। शिक्षक पात्रता परीक्षा पू0मा0शा0स्तर (टी.ई.टी.) उत्तीर्ण होना आवश्यक है। |
| 12 | कम्प्यूटर शिक्षक (अंग्रेजी माध्यम) | 35400 | न्यूनतम द्वितीय श्रेणी मे अंग्रेजी माध्यम से हाई एव हायर सेकेण्डरी उत्तीर्ण एव मान्यता प्राप्त विश्व विद्यालय से कम्प्यूटर मे स्नातक बी.ई. (कम्प्यूटर), बी.सी.ए. (कम्प्यूटर), बी.एस.सी. (कम्प्यूटर), बी.टेक (कम्प्यूटर) की उपाधि होना अनिवार्य है। |
| 13 | प्रधानपाठक प्रा.शा. (अंग्रेजी माध्यम) | 35400 | मान्यता प्राप्त बोर्ड से द्वितीय श्रेणी में अंग्रेजी माध्यम से हायर सेकेण्डरी उत्तीर्ण एव साथ मे डी.एड. उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। |
| 14 | सहायक शिक्षक (अंग्रेजी माध्यम) | 25300 | हायर सेकेण्डरी परीक्षा न्यूनतम द्वितीय श्रेणी अंग्रेजी माध्यम से उत्तीर्ण एवं डी.एड./डी.एल.एड. प्रशिक्षित होना अनिवार्य है। शिक्षक पात्रता परीक्षा प्रा0शा0स्तर (टी.ई.टी.) उत्तीर्ण होना आवश्यक है। |
| 15 | सहा. शिक्षक विज्ञान/ प्रयोगशाला सहायक (अंग्रेजी माध्यम) | 25300 | मान्यता प्राप्त बोर्ड से जीव विज्ञान/गणित संकाय में भौतिक एवं रसायन विषय समूह के साथ न्यूनतम द्वितीय श्रेणी मे अंग्रेजी माध्यम से हायर सेकेण्डरी उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। |
| 16 | ग्रंथपाल | 25300 | न्यूनतम द्वितीय श्रेणी मे अंग्रेजी माध्यम से हायर सेकेण्डरी उत्तीर्ण एवं मान्यता प्राप्त विश्व विद्यालय से बी.लिब होना अनिवार्य है। |
| 17 | व्यायाम शिक्षक (अंग्रेजी माध्यम) | 35400 | न्यूनतम द्वितीय श्रेणी मे अंग्रेजी माध्यम से हायर सेकेण्डरी उत्तीर्ण एवं मान्यता प्राप्त विश्व विद्यालय से डी.पी.एड. या बी.पी.एड. सहित स्नातक उत्तीर्ण। |
| 18 | सहायक ग्रेड – 02 | 25300 | न्यूनतम द्वितीय श्रेणी मे हायर सेकेण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण एवं शासकीय/अर्धशासकीय मान्यता प्राप्त संस्था से कम्प्यूटर अर्हता के साथ एक वर्षीय डिप्लोमा/प्रमाण पत्र तथा कम्प्यूटर पर हिन्दी डाटा एन्ट्री की 5000 key एव अंग्रेजी डाटा एन्ट्री की 8000 key डिप्रेशन प्रति घंटे की गति। |
| 19 | सहायक ग्रेड – 03 | 19500 | न्यूनतम द्वितीय श्रेणी मे हायर सेकेण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण एव शासकीय/अर्धशासकीय मान्यता प्राप्त संस्था से कम्प्यूटर अर्हता के साथ एक वर्षीय डिप्लोमा/प्रमाण पत्र तथा कम्प्यूटर पर हिन्दी डाटा एन्ट्री की 5000 key एवं अंग्रेजी डाटा एन्ट्री की 8000 key डिप्रेशन प्रति घंटे की गति। |

संविदा भर्ती के संबंध में दिशा निर्देश एवं शर्ते :-

1. पदों की संख्या परिवर्तनीय होगी।
2. **अभ्यर्थी को छ.ग. का मूल निवासी होना अनिवार्य है सक्षम अधिकारी के द्वारा जारी प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।**
3. अभ्यर्थियों को एक से अधिक पद के लिए पृथक-पृथक आवेदन प्रस्तुत करना होगा।
4. अभ्यर्थियों द्वारा कोरबा जिले के वेबसाईट **https://korba.gov.in** में दर्शित गूगल फार्म के माध्यम से शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक पद हेतु आवेदन **दिनांक 26.11.2024 को रात्रि 11.59 बजे** तक आमंत्रित किये जाते है। गुगल फार्म के द्वारा किया गया आवेदन ही मान्य होगा। अन्य माध्यम से प्राप्त आवेदन अमान्य है।
5. (1) स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल पम्पहाउस (2) स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल हरदीबाजार (3) स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल पाली (4) स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल करतला (5) स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल कटघोरा (6) स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल पोड़ीउपरोड़ा (7) स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल कोरबी (8) स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल पसान (9) स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल बालको (10) स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल तिलकेजा (11) स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल जमनीपाली (12) स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल गोपालपुर (13) स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल कुसमुण्डा (14) स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल दीपका (15) स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल बांकीमोंगरा की समिति पृथक-पृथक है तथा प्रत्येक के लिए पृथक-पृथक आरक्षण लागू होगा।
6. संविदा नियुक्ति सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा अधिसूचित छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (संविदा नियुक्ति) नियम 2012 के प्रावधानों के अनुसार की जावेगी।
7. संविदा नियुक्ति पदों पर की गई नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी है। शासन/समिति के द्वारा नियुक्ति अथवा कार्य व्यवहार के आधार पर किसी भी समय सेवा से पृथक की जा सकता है।
8. **व्याख्याता हिन्दी एवं संस्कृत के पद को छोड़कर आवेदक सुनिश्चित करें कि उनकी कक्षा 10वीं एवं समस्त उच्चतर कक्षाएँ अंग्रेजी माध्यम से उत्तीर्ण होना अनिवार्य है अगर अभ्यर्थी की कक्षा 10वीं से समस्त उच्चतर योग्यता तक किसी भी कक्षा में माध्यम अंग्रेजी नहीं होगा तो अभ्यर्थी को अपात्र कर दिया जायेगा।**
9. रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।
10. संविदा नियुक्ति हेतु अभ्यर्थी की आयु दिनांक 01 नवम्बर 2024 को 21 वर्ष से कम एवं 40 वर्ष से अधिक नही होनी चाहिए। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग (क्रिमीलेयर को छोड़कर) महिलाओ, निःशक्तजन, शासकीय कर्मचारियों, संविदा कर्मचारियों एवं भूतपूर्व सैनिकों को छ.ग. शासन सामान्य प्रशासन विभाग के प्रचलित निर्देशों के अनुसार आयु सीमा में छूट का लाभ प्राप्त होगा किन्तु सभी देय छूटो को मिलाकर उनकी अधिकतम आयु-सीमा 45 वर्ष से अधिक नही होनी चाहिए।
11. **अभ्यर्थियों को समस्त शैक्षणिक एवं अन्य दस्तावेजों की मूल प्रति दस्तावेज सत्यापन के समय प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। दस्तावेज सत्यापन के समय मूल दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने की स्थिति में किसी भी प्रकार का अतिरिक्त समय प्रदान नही किया जावेगा तथा संबंधित अभ्यर्थी को साक्षात्कार/चयन हेतु अपात्र किया जा सकेगा। आवेदक यह सुनिश्चित कर ले कि आवेदन की अंतिम तिथि के पूर्व समस्त योग्यता संबंधी प्रमाण पत्र उपलब्ध हो।**
12. छत्तीसगढ़ शासन द्वारा अधिसूचित संविदा भर्ती नियम एफ-9-01/2012/1-3 दिनांक 31 दिसम्बर 2012 एवं संशोधित दिनांक 30 दिसम्बर 2019 नियोक्ता एवं नियुक्त कर्मचारी के लिए लागु होगा।
13. छत्तीसगढ़ शासन द्वारा अधिसूचित संविदा भर्ती नियम 2012 के तहत अधिसूचित अवकाश नियम नियुक्त संविदा कर्मचारी के लिये लागू होगा।

14. संविदा कर्मचारी को संविदा अवधि में पेंशन, मृत्यु लाभ या अन्य कोई भी लाभ जो छ.ग. शासन के नियमित कर्मचारी को प्राप्त है, की पात्रता नहीं होगी।
15. विज्ञापित पदों की संख्या घटाई, बढ़ाई अथवा पर्याप्त कारण से विज्ञापन निरस्त भी किया जा सकता है।
16. नियुक्ति प्रक्रिया के दौरान वाद–विवाद की स्थिति मे चयन समिति का निर्णय अंतिम, सर्वमान्य एवं बंधनकारी होगा।
17. अपूर्ण एवं त्रुटि पूर्ण आवेदन मान्य नहीं किये जावेंगे। इस संबंध में पृथक से सूचना नहीं दी जावेगी।
18. भविष्य में शासन के द्वारा उक्त पदों पर भर्ती किए जाने पर संविदा नियुक्ति स्वमेव निरस्त मानी जावेगी।
19. राज्य शासन द्वारा स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल हेतु समय–समय पर जारी निर्देशों के अधीन पंजीकृत सोसायटी विद्यालय के संचालन व शर्तो से संबंधित नियम/निर्देश जारी करेगी जो सर्वमान्य व सभी के लिए बंधनकारी होगा।
20. अनुसूचित जाति/अनु.जन जाति अन्य पिछड़ा वर्ग (क्रिमीलेयर को छोड़कर) के अभ्यर्थियों को सक्षम अधिकारी द्वारा जारी स्थायी जाति प्रमाण पत्र सत्यापन के समय संलग्न करना आवश्यक है। प्रमाण पत्र के अभाव में आरक्षण का लाभ दिया जाना संभव नही होगा। आवश्यक होने पर चयन समिति प्रमाण पत्र की वैधता की जॉच करा सकती है।
21. **शिक्षक पद हेतु शिक्षक पात्रता परीक्षा पूर्व माध्यमिक स्तर एवं सहायक शिक्षक पद हेतु शिक्षक पात्रता परीक्षा प्राथमिक स्तर उत्तीर्ण होना आवश्यक है।**
22. अभ्यर्थी की नियुक्ति संविदा पर होने पर वह नियमितिकरण के लिए किसी भी प्रकार का दावा नही करेगा।
23. **व्याख्याता हिन्दी, संस्कृत, सहा. ग्रेड–02 एवं सहा. ग्रेड–03 के पद हेतु अंग्रेजी माध्यम की अनिवार्यता नही रहेगी। उक्त पदों के अतिरिक्त अन्य सभी पदों हेतु कक्षा 10वीं एवं उच्चतर सम्पूर्ण शिक्षा अंग्रेजी माध्यम में होना अनिवार्य है।**
24. **अभ्यर्थियों की चयन सूची प्रकाशन दिनांक से 01 वर्ष हेतु मान्य होगी।**
25. **चयनित अभ्यर्थियों को किसी भी सेजेस विद्यालय में संविदा आधार पर नियुक्त किया जावेगा इस संबंध में कोई भी दावेदारी अमान्य की जावेगी।**

**<u>चयन प्रक्रिया :–</u>**

**संविदा भर्ती हेतु चयन प्रक्रिया निम्नानुसार होगी :–**

1. चयन प्रक्रिया के सरलीकरण, कोविड 19 प्रोटोकाल के पालन, श्रम एवं संसाधन की बचत, अभ्यर्थियों की सुविधा तथा पात्र एवं उत्कृष्ट अभ्यर्थियों को अधिकाधिक अवसर प्रदान करने की दृष्टि से एकीकृत आनलाईन आवेदन लिया जा रहा है। शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक पदों हेतु पृथक–पृथक गूगल लिंक के माध्यम से आवेदकों द्वारा प्रत्येक विद्यालय हेतु पृथक–पृथक आवेदन किया जायेगा।
2. आवेदन उपरांत प्रत्येक विद्यालय के प्रत्येक पद हेतु प्राप्त आवेदनों मे से शैक्षणिक योग्यता के अनुसार टॉप 20 अभ्यर्थियों का चयन किये जाने हेतु अंक तालिका निम्नानुसार होगी।

| **आवश्यक शैक्षणिक योग्यता के आधार पर अभ्यर्थियों के चयन हेतु अंक तालिका का विवरण (80 अंक)** | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| क्र. | पद का नाम | 12वीं | स्नातक | स्नातकोत्तर | रिमार्क |
| 1 | व्याख्याता | 12वीं मे प्राप्त प्रतिशत का 15 प्रतिशत अंक | स्नातक मे प्राप्त प्रतिशत का 25 प्रतिशत अंक | स्नातकोत्तर मे प्राप्त प्रतिशत का 40 प्रतिशत अंक | |

| **आवश्यक शैक्षणिक योग्यता के आधार पर अभ्यर्थियों के चयन हेतु अंक तालिका का विवरण (80 अंक)** | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| क्र. | पद का नाम | 10वीं | 12वीं | स्नातक | रिमार्क |
| 1 | प्रधानपाठक (पूर्व माध्यमिक शाला) | 10वीं मे प्राप्त प्रतिशत का 15 प्रतिशत अंक | 12वीं मे प्राप्त प्रतिशत का 25 प्रतिशत अंक | स्नातक मे प्राप्त प्रतिशत का 40 प्रतिशत अंक | |
| 2 | शिक्षक | | | | |
| 3 | ग्रंथपाल | | | | |
| 4 | व्यायाम शिक्षक | | | | |
| 5 | कम्प्यूटर शिक्षक | | | | |

| आवश्यक शैक्षणिक योग्यता के आधार पर अभ्यर्थियों के चयन हेतु अंक तालिका का विवरण (80 अंक) | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क्र. | पद का नाम | 10वीं | 12वीं | रिमार्क |
| 1 | प्रधानपाठक (प्राथमिक शाला) | 10वीं मे प्राप्त प्रतिशत का 30 प्रतिशत अंक | 12वीं मे प्राप्त प्रतिशत का 50 प्रतिशत अंक | |
| 2 | सहा. शिक्षक | | | |
| 3 | सहा. शिक्षक (प्रयोगशाला) | | | |

उक्त अनुसार ही शैक्षणिक योग्यता मे प्राप्त अंको की गणना कर मेरिट आधार पर आवेदकों की सूची तैयार किया जाकर अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

3. मेरिट आधार पर आवेदकों के दस्तावेज परीक्षण (दस्तावेज परीक्षण संबंधी प्रपत्र संलग्न है।) उपरांत पात्र/अपात्र सूची जारी कर दावा आपत्ति मगाई जावेगी जिस हेतु पांच दिवस का समय प्रदान किया जावेगा। दावा आपत्ति के निराकरण के पश्चात अंतिम पात्र अपात्र सूची जारी की जावेगी। दावा आपत्ति हेतु आवेदन ऑफलाईन जिला शिक्षा अधिकारी/सचिव स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल जिला–कोरबा मे लिया जावेगा।
4. अंतिम पात्र/अपात्र सूची जारी किए जाने के पश्चात शैक्षणिक पदों हेतु साक्षात्कार एवं गैर शैक्षणिक पदों (सहायक ग्रेड–02 एवं सहायक ग्रेड–03) हेतु कौशल परीक्षा आयोजित की जावेगी।
5. आवेदकों के चयन हेतु शैक्षणिक पद, गैर शैक्षणिक पदों के लिए निम्नानुसार अंतिम एकीकृत मेरिट सूची तैयार की जावेगी।

**शैक्षणिक पद हेतु :–**

| पदनाम | शैक्षणिक योग्यता का अंक भार | साक्षात्कार का अंक भार | कुल अंक भार |
|---|---|---|---|
| व्याख्याता, शिक्षक, सहा.शिक्षक, व्यायाम शिक्षक, ग्रंथपाल, कम्प्यूटर शिक्षक, प्रयोगशाला सहायक | 80 | 20 | 100 |

**साक्षात्कार :–**साक्षात्कार 20 अंको का होगा। मेरिट आधार पर आवेदकों के साक्षात्कार, साक्षात्कार समिति द्वारा लिया जावेगा तथा न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता का 80 प्रतिशत अंक + साक्षात्कार (20) अंक, कुल 100 अंक मिलाकर अंतिम एकीकृत मेरिट सूची तैयार की जायेगी तथा अंतिम मेरिट सूची के आधार पर अभ्यर्थियों का चयन किया जावेगा।

**गैर शैक्षणिक पद हेतु :–**

| स.क्र. | पदनाम | शैक्षणिक योग्यता का अंक भार | कौशल परीक्षा का अंक भार | कुल अंक भार |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सहायक ग्रेड–02 एवं सहायक ग्रेड–03 | 70 | 30 | 100 |

**नियुक्ति अवधि :–**

1. छत्तीसगढ़ सविल सेवा (संविदा नियुक्ति) नियम 2012 के नियम 4 (1) के अंतर्गत उल्लेखित संविदा नियुक्ति के पदों पर संविदा नियुक्ति **एक वर्ष** की अवधि के लिये की जावेगी। तथापि राज्य सरकार आवश्यकता के आधार पर तथा संविदा आधार पर नियुक्ति की उपयुक्तता तथा कर्मचारी की कार्यक्षमता का आंकलन करने के पश्चात् संविदा नियुक्ति की अवधि बढ़ायी जा सकेगी जो कि, शासन के आगामी निर्देश के अंतर्गत अधिनियमित होगा।
2. संविदा नियुक्ति की अवधि में दोनों पक्षों में से किसी एक पक्ष द्वारा एक माह की पूर्व सूचना या इसके एवज में एक माह का वेतन देकर संविदा नियुक्ति समाप्त की जा सकेगी। संविदा अवधि समाप्ति पर बिना किसी पूर्व सूचना के सेवा समाप्त की जा सकेगी।

**निरर्हताएँ :–**

1/ ऐसे समस्त अभ्यर्थी जिन्हे शासन द्वारा सेवा से पृथक किया गया है अथवा सेवावृद्धि रोकी गई है। आवेदन हेतु अपात्र होगे।

2/ यदि किसी भी स्तर पर यह पाया जाता है कि आवेदन के दौरान किसी भी प्रकार की कूटरचित /भ्रामक/गलत जानकारी प्रदान की गई है अथवा आवश्यक जानकारी छुपाई गई है, तो संबंधित आवेदक के विरूद्ध विधि सम्मत कार्य–कार्यवाही की जावेगी जिसकी जवाबदारी संबंधित आवेदक की होगी।

3/ कोई भी अभ्यर्थी जिसे महिलाओं के विरूद्ध किसी अपराध या अन्य अपराध का सिद्ध दोष ठहराया गया हो, किसी सेवा या पद के लिये पात्र नहीं होगा। परन्तु यदि किसी अभ्यर्थी के विरूद्ध न्यायालय में ऐसे मामले लंबित हो तो उसकी नियुक्ति का मामला तब तक लंबित रखा जाएगा, जब तक उस अपराधिक प्रकरण का न्यायालय द्वारा अंतिम विनिश्चय न कर दिया जाये।

4/ चयन उपरांत संबंधित आवेदक द्वारा पद ग्रहण के एक माह के भीतर जिला मेडिकल बोर्ड कोरबा द्वारा जारी फिटनेस प्रमाण पत्र जमा करना अनिवार्य होगा, मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र जमा नही करने की स्थिति मे अथवा मेडिकल रूप से फिट नही होने की स्थिति मे उम्मीदवारी निरस्त की जावेगी।

**अभ्यर्थी की पात्रता के बारे में चयन समिति का निर्णय संबंधी :–**

1/ चयन के लिये अभ्यर्थी की पात्रता अथवा अपात्रता के संबंध में स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल चयन समिति का निर्णय अंतिम होगा। भर्ती प्रक्रिया के संबंध मे किसी भी प्रकार का विवाद/शिकायत/परिवाद की स्थिति मे संबंधित स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट इंग्लिश स्कूल संचालन प्रबंधन समिति का निर्णय अंतिम होगा एवं इसमे शामिल सभी पक्षो के लिए बंधनकारी होगा।

2/ चयन प्रक्रिया के किसी भी समय पर अथवा चयन समिति को चयन सूची भेजने के बाद भी यदि चयन समिति के संज्ञान में यह तथ्य आता है कि अभ्यर्थी ने असत्य जानकारी दी है अथवा उसके द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों में कोई विसंगति पायी गई है तो वह अपात्र हो जावेगा एवं उसका चयन/नियुक्ति चयन समिति द्वारा बिना पूर्व सूचना के समाप्त कर दी जायेगी।

3/ आवेदक यह सुनिश्चित कर ले कि आवेदन के अंतिम तिथि के पूर्व समस्त न्यूनतम योग्यता संबंधी प्रमाण पत्र जारी किया जा चुका हो।

**अन्य निर्देश :–**

1/ नियुक्त उम्मीदवार को उनके पद के अनुसार शासन द्वारा समय–समय पर प्रसारित आदेशो के अनुसार वेतन देय होगा।

2/ नियमानुसार संविदा भर्ती के उप नियम (2) के अंतर्गत उल्लेखित मामलों को छोड़कर संविदा सेवा में सिर्फ मासिक एकमुश्त राशि वेतन के रूप में देय होगी, इसके अतिरिक्त कोई विशेष वेतन, महंगाई भत्ता, क्षतिपूर्ति भत्ता, गृह भाड़ा इत्यादि नहीं दिया जाएगा तथा संविदा नियुक्ति के अधीन वार्षिक वेतन वृद्धि की पात्रता नहीं होगी।

3/ विज्ञापन की विस्तृत एवं अद्यतन जानकारी कोरबा जिले के वेबसाइट **www.Korba.gov.in** पर नियमित अवलोकन करते रहें।

4/ संबंधित स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल संचालन प्रबंधन समिति द्वारा संविदा पद पर नियुक्त समस्त अभ्यर्थियों के कार्य, व्यवहार, आचरण एवं कार्य प्रर्दशन का प्रत्येक वर्ष 31 मार्च की स्थिति मे मूल्यांकन किया जावेगा एवं उपयुक्तता के आधार पर संविदा अवधि मे आवश्यकतानुसार एवं नियमानुसार वृद्धि की जा सकेगी।

5/ अभ्यर्थी किसी भी पद पर आवेदन के पूर्व अपनी पात्रता एवं आवेदित पद हेतु वांछित न्यूनतम अर्हता का परीक्षण स्वयं कर लेवे। त्रुटिपूर्ण आवेदन, भ्रामक एवं गलत जानकारी के आधार पर अभ्यर्थी को किसी भी चरण में अपात्र घोषित किया जा सकता है केवल आवेदन कर देने मात्र से ही अभ्यर्थी का आवेदित पद पर चयन का अधिकार नही होगा।

**ऑनलाईन आवेदन करने हेतु महत्वपूर्ण निर्देश :–**

1/ ऑनलाईन आवेदन करने हेतु अभ्यर्थी का **Gmail** आई.डी. (जैसे–**xyz@gmail.com**) होना अनिवार्य है। **Gmail** आई.डी. नहीं होने की स्थिति में अभ्यर्थी **google** में जाकर **Gmail** आई.डी. बना लेवें।

2/ अभ्यर्थी बेहतर सुविधा के साथ ऑनलाईन फॉर्म भरने के लिए लैपटॉप/डेस्कटॉप में **google crome** का उपयोग करें।

3/ ऑनलाईन आवेदन करते समय अभ्यर्थी द्वारा अपने समस्त शैक्षणिक एवं अन्य दस्तावेज अपने साथ रखें। आवेदक अपने दस्तावेज के आधार पर ही **google form** भरे। आवेदक यह सुनिश्चित करे कि किसी प्रकार की डाटा एन्ट्री संबंधी त्रुटि नही हो। त्रुटि होने पर आवेदन अमान्य किया जावेगा।

4/ ऑनलाईन आवेदन भरने हेतु अभ्यर्थी सर्वप्रथम जिले के वेबसाईट **http://korba.gov.in** पर जावें।

5/ जिले के वेबसाईट में आवेदन फार्म भरने के लिए निम्नानुसार 04 लिंक उपलब्ध है :–

(अ) व्याख्याता पद के लिए।

(ब) प्रधानपाठक पू.मा.शा./ शिक्षक पूर्व मा.शा. के लिये।

(स) प्रधानपाठक प्राथमिक शाला/सहा.शिक्षक के लिये।

(द) व्यायाम शिक्षक/कम्प्यूटर/प्रयोगशाला सहायक/ग्रंथपाल/ सहा.ग्रेड–02 एवं सहा. ग्रेड–03 के लिये

6/ अभ्यर्थी वेबसाईट में दिये गये लिंक पर क्लिक कर अपना आवेदन फार्म ऑनलाईन भर सकते है।

7/ **google form** भरने की प्रक्रिया मे किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या हेतु अपनी समस्या **sageskorba@gmail.com** मे भेज सकते है।

8/ चयन प्रक्रिया संबंधित समस्त निर्देश एवं कार्यवाहियों की सूचना जिला कोरबा के **https://korba.gov.in** वेबसाईट पर अद्यतन की जावेगी अतः अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे आवेदन पश्चात नियमित रूप से वेबसाईट का अवलोकन करते रहें।

(कलेक्टर महो. द्वारा अनुमोदित)

जिला शिक्षा अधिकारी/सचिव
स्वामी आत्मानंद शा. इंग्लिश स्कूल
संचालन प्रबंधन समिति
जिला–कोरबा (छ.ग.)

पृ.क्रमांक/अंग्रेजी माध्यम/संविदा नियुक्ति/विज्ञापन/2024–25 5560 कोरबा, दिनांक : 11/11/2024

प्रतिलिपि :–

1. प्रमुख सचिव, छ.ग. शासन स्कूल शिक्षा विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, अटल नगर, नवा रायपुर छ.ग. को सादर सूचनार्थ संप्रेषित।

2. सचिव, छ.ग. शासन, स्कूल शिक्षा विभाग छ.ग. रायपुर को सादर सूचनार्थ।
3. आयुक्त, लोक शिक्षण संचालनालय, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर छ.ग. को सादर सूचनार्थ संप्रेषित।
4. कलेक्टर एवं अध्यक्ष, संचालन प्रबंधन समिति, स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल जिला कोरबा को सादर सूचनार्थ संप्रेषित।
5. मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कोरबा को सादर सूचनार्थ।
6. आयुक्त नगर पालिक निगम कोरबा छ.ग. को सादर सूचनार्थ।
7. संयुक्त संचालक, शिक्षा संभाग बिलासपुर को सादर सूचनार्थ संप्रेषित।
8. उपसंचालक जिला जनसंपर्क अधिकारी, जिला कोरबा को सूचनार्थ एवं दैनिक समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशन हेतु अग्रेषित।
9. जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी, एन.आई.सी. कोरबा को सूचनार्थ एवं उक्त विज्ञापन विस्तृत विवरण सहित जिले के वेबसाइट में अपलोड करने हेतु।

जिला शिक्षा अधिकारी/सचिव
स्वामी आत्मानंद शा. इंग्लिश स्कूल
संचालन प्रबंधन समिति
जिला–कोरबा (छ.ग.)